अब कटड़ा तक चलेगी मालवा एक्सप्रेस ट्रेन

जागरण संवाददाता, जम्मू : भारतीय रेलवे ने इंदौर से जम्मू के बीच चलने वाली मालवा एक्सप्रेस को जम्मू से बढ़ा कर कटड़ा तक चलाने का फैसला लिया है। एक जून से यह ट्रेन जम्मू इंदौर की बजाए श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-इंदौर, मालवा एक्सप्रेस हो जाएगी।

रेलगाड़ी संख्या 12919/12920 की नई समय सारणी के अनुसार एक जून से मालवा एक्सप्रेस दोपहर 12:25 बजे इंदौर रेलवे स्टेशन से रवाना होकर अगले दिन शाम 18:25 पर कटड़ा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार सुबह 06:45 बजे कटड़ा रेलवे स्टेशन से चलकर अगले दिन दोपहर को 16:10 बजे इंदौर पहुंचेगी। इस रेलगाड़ी के नए स्टॉप में बजालता, संगर, मनवाल, रामनगर, ऊधमपुर को शामिल किया गया है।

जम्मू-ऊधमपुर डीएमयू को दो दिन रद करने का फैसला

रेलवे प्रबंधन ने जम्मू-ऊधमपुर के बीच चलने वाली डीजल मल्टीपल यूनिट (डीएमयू) को दो दिन रद करने का फैसला किया है। आदेश के तहत एक जून को जम्मू से ऊधमपुर के बीच चलने वाली डीएमयू संख्या 54653 रद रहेगी। यह गाड़ी शाम 16:25 बजे जम्मू रेलवे स्टेशन से रवाना होकर 17:55 बजे ऊधमपुर रेलवे स्टेशन पहुंचती है। इसी प्रकार दो जून को ऊधमपुर-जम्मू के बीच चलने वाली डीएमयू संख्या 54652 रद रहेगी। यह रेलगाड़ी सुबह 7:10 बजे ऊधमपुर से रवाना होकर सुबह 8:35 बजे जम्मू रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। दो दिन डीएमयू को रद करने का मुख्य कारण एक जून से मालवा एक्सप्रेस को जम्मू से बढ़ा कर कटड़ा रेलवे स्टेशन तक करना है।